हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, सोमवार, 15 जुलाई 2024

तापमान
अधिकतम 38.4 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

11 75वें वन महोत्सव के तहत 151 पौधे रोपे



12 नेत्र जांच व आप्रेशन शिविर में 365 लोगों ने जांच करवाई



## खबर संक्षेप

### भागराम ट्रस्ट का रक्तदान शिविर आज

गोहाना। भागराम ट्रस्ट अपना साप्ताहिक रक्तदान शिविर सोमवार को सुबह 9 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक सोनीपत मोड़ के टी प्वाइंट पर स्थित भगवान परशुराम चौक में लगाएगा। इस शिविर में रक्त के संकलन के लिए दल्लिी से रेडक्रॉस की टीम आएगी। अध्यक्षता भागराम ट्रस्ट की अध्यक्ष उषा गंगनेजा करेंगी। मार्गदर्शन 227 बार के स्टार रक्तदाता सुरेंद्र विश्वास का रहेगा।

### हरसाना मालचा में सूने मकान से आभूषण चोरी

**सोनीपत**। हरसाना मालचा में दिनदहाड़े चोर एक घर से सोने के आभूषण चोरी कर ले गए। पीड़ित महिला दिल्ली स्थित मंदिर में गई हुई थी। सुनील ने बताया कि वह सुबह करीब साढ़े आठ बजे दल्लिी के झाडोदा स्थित मंदिर में गई थी। उनकी बेटी वंशिका भी सुबह करीब 10 बजे सुभाष चौक स्थित सेंटर पर चली गई। वह घर लौटे तो घर में चोरी की वारदात का पता लगा। कमरे की अलमारी का सामान भी बिखरा हुआ था। उन्होंने देखा कि अलमारी का लॉकर खोलकर उसमें से दो सोने की चेन, पांच अंगूठी व बालियां चोरी मिली। चोर करीब आभूषण करीब 75 ग्राम सोने के आभूषण ले गए।

### बुजुर्ग पर हमला कर नकदी लूटी, केस

**सोनीपत**। आदर्श नगर में रहने वाले बुजुर्ग ने कुछ युवकों पर धारदार हथियार से हमला कर 96 सौ रुपये लूटने का आरोप लगाया है। साथ ही आरोप लगाया कि उनकी पुत्रवधू कमरे से बाहर आई तो आरोपी उनकी सोने की चेन छीन ले गए। आदर्श नगर निवासी सुंदरपाल ने बताया कि वह शाम को अपने घर पर थे। इसी दौरान चार-पांच युवक उनके घर में घुस आए। आरोपियों के हाथों में धारदार हथियार थे। इनमें से तीन युवकों ने चेहरे पर कपड़ा बांध रखा था। घर के अंदर आते ही उन्होंने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। एक युवक ने पस्तिौल दिखाकर 96 सौ रुपये लूट लिए और जान से मारने की धमकी दी। युवकों ने उसकी पुत्रवधू के गले से सोने की चेन भी तोड़ ली।

### कार ने बाइक को टक्कर मारी, युवक की मौत

**खरखौदा**। मंडोरा गांव के पास एक कार व मोटरसाइकिल की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई। बवाना दल्लिी निवासी दीपक ने बताया कि वह व उसका भाई अनिकेत अलग-अलग मोटरसाइकिल पर सोनीपत से बवाना आ रहे थे। जब वह मंडोरा गांव के पास केएमपी फ्लाईओवर से थोड़ी पहले पहुंचे तो सामने से एक कार ने उसके भाई की मोटरसाइकिल को सीधी टक्कर मार दी।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह का विपक्ष पर तंज : बोले - जरूरतमंद लोगों को सुविधाएं दे रही सरकार

# प्रदेश की उन्नति विपक्ष को हजम नहीं हो रही झूठ बोलकर जनता को गुमराह करने में लगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत/राई

जिले में 112 करोड़ रुपये की 14 विकास परियोजना का उद्घाटन व शिलान्यास के लिए सोनीपत पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि हमारी सरकार ने डेढ़ लाख लोगों को बिना पर्ची व खर्ची के सरकारी नौकरी दी है। 2014 से पहले बुजुर्गों को मात्र 500 रुपये पेंशन मिलती थी और हमने सत्ता में आने के बाद 1000 रुपये पेंशन को लागू किया। आज हम प्रदेश के 20 लाख लोगों को 3000 रुपये वृद्धावस्था सम्मान भत्ता दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश संविधान के अनुसार कार्य कर रहा है। देश व प्रदेश उन्नति के पथ पर अग्रसर है। हर जरूरमंद व्यक्ति को सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। ये बातें विपक्ष को हजम नहीं हो रही है और आए दिन लोगों को झूठ बोल कर गुमराह करने का काम कर रहे हैं, परतुं विपक्ष को सोचना चाहिए कि काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती।

■ मुख्यमंत्री ने राई के गांव भैरा बांकीपुर से 112 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास किया

### प्रदेश के 500 से अधिक स्कूलों के नाम शहीदों के नाम पर रखा

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। यह प्रतिमा नई पीढ़ियों को महाराणा प्रताप जैसी वीरता, देशभक्ति और साहस की हमेशा प्रेरणा देती रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 509 स्कूलों के नाम आज शहीदों के नाम पर रखे गए हैं। इसी तरह से करनाल के अंजनसथली में महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय स्थापित किया गया है।



**सोनीपत**। विकास कार्यों का शिलान्यास करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

### इन विकास कार्यों को मिली सौगात



**राई**। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने रविवार को 112 करोड़ रुपये की लागत की 14 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इनमें लगभग 88 करोड़ रुपए की लागत की चार परियोजनाओं का उद्घाटन व 24 करोड़ रुपये की लागत की 10 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। परियोजनाओं के उद्घाटन किए गए उनमें 220 केवी सब स्टेशन एचएसआईआईडीसी राई, नई अनाज मंडी मुरथल, 33 केवी सबस्टेशन एचएसआईआईडीसी-2 राई, 33 केवी सबस्टेशन एचएसआईआईडीसी-3 राई शामिल है। जिन परियोजनाओं का शिलान्यास किया उनमें कुंडली में दादा भैया कॉलोनी वार्ड पांच में आईबीपी टाइल्स गलियों व नालियों का नर्मिाण, कुंडली-सिंघु बॉर्डर कॉलोनी वार्ड-14 में आईबीपी टाइल्स गलियों और नालियों का निर्माण, टीकाराम कॉलोनी वार्ड 11-14 में आईबीपी टाइल्स गलियों व नालियों का निर्माण, शिवपुरी कॉलोनी वार्ड-15 में आईबीपी टाइल्स गलियों व नालियों का निर्माण, दादा भैया कॉलोनी वार्ड-13 में आईबीपी टाइल्स गलियों व नालियों का निर्माण, राई विधानसभा क्षेत्र की 24 सडकों वस्तिारीकरण, उप स्वास्थ्य केंद्र कुमासपुर व नाँदनोर का निर्माणकार्य शामिल है। कार्यक्रम के दौरान गांव की सरपंच कमलेश देवी द्वारा विकास कार्यों को लेकर रखी गई सभी 17 मांगों को उन्होंने मानते हुए संबंधित विभागों को उनकी फिजिबिलिटी रिपोर्ट चेक करने के निर्देश दिए। इस मौके पर उनके साथ भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, भाजपा युवा नेता योगेश जठेड़ी, निगम पार्षद पुनीत त्यागी आदि मौजूद थे।

### खेलमंत्री ने दी खेल नर्सरी और ओपन जिम की सौगात

कार्यक्रम में राई से विधायक व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने कहा कि सरकार की जन हितैषी योजनाओं से लोग लाभांवित हो रहे हैं। उन्होंने हैप्पी योजना का जिक्र करते हुए कहा कि आज आम व्यक्ति को अगर अपनी रिश्तेदारी में जाना है तो वह हरियाणा परिवहन की बस में हैप्पी कार्ड से मुफ्त यात्रा कर सकता है। इस अवसर पर खेल मंत्री संजय सिंह ने भी संबोधित किया। उन्होंने गांव में एक खेल नर्सरी व ओपन जिम देने की घोषणा भी की।

### नंबरदारों के शिष्टमंडल ने की मुलाकात



**गोहाना**। नंबरदारों के शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की। उन्होंने ने मुख्यमंत्री से 23 नवंबर 2021 को सरकार द्वारा जारी पत्र को रद करने सहित अन्य मांगें पूरी करने की मांग की। नंबरदारों का शिष्टमंडल ने भाजपा जिला सोनीपत के सचिव नंबरदार सुरेंद्र जवाहरा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से मिला। नंबरदार सुरेंद्र जवाहरा ने कहा कि सरकार द्वारा 23 नवंबर 2021 को जारी किए पत्र को शीघ्र रद किया जाए। इस पत्र में नंबरदारों की नियुक्ति पर रोक, सरबरा नंबरदारों की नियुक्ति पर रोक, 60 वर्ष की आयु पार कर चुके नंबरदारों से मेडिकल प्रमाण पत्र मांगने और 70 वर्ष की आयु पार कर चुके नंबरदारों को सेवानिवृत्त करने बाबत कहा गया था। उन्होंने कहा कि इन सहित नंबरदारों की कुछ अन्य मांगें भी हैं जिन पर सरकार ध्यान दे। इस मौके पर लहणा सिंह, फूल सिंह, रामेश्वर, सुरेश पाल, गुरुपाल मराठा और सुरजीत शामिल रहे।

### कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह



**बड़ौली ने मुख्यमंत्री का किया स्वागत** : इस अवसर पर राई से विधायक व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया और कहा कि सरकार की जन हितैषी योजनाओं से लोग लाभांवित हो रहे हैं। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा, पूर्व मंत्री कविता जैन, पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत, करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजपाल अम्मू, मुख्यमंत्री के ओएसडी विरेन्द्र बढ़खालसा, नगर निगम मेयर निखिल मदान, भाजपा नेता देवेन्द्र कादियान, गांव की सरपंच कमलेश व जयराम शर्मा, माईराम कौशिक, नवीन मंगला, आजाद नेहरा, रवन्द्रि दिलावर, प्रदीप सांगवान आदि मौजूद रहे।

## इंश्योरेंस पॉलिसी की एनओसी देने के नाम पर 13 लाख ठगे

**सोनीपत**। गोहाना के युवक को झांसे में लेकर साइबर ठगों ने 13.22 लाख रुपये ठग लिये। ठगों ने उनसे इंश्योरेंस पॉलिसी की एनओसी देने के नाम पर ठगी की। साइबर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गोहाना में जींद रोड निवासी सुदीप ने साइबर थाना पुलिस को बताया कि 27 अप्रैल को उनके पास कॉल आई थी। कॉल रिसीव करते ही दूसरी तरफ से बात कर रहे युवक ने खुद को बीमा लोकपाल आयोग का कर्मी बताया था। उसने उनकी इंश्योरेंस पॉलिस पूरी होने पर उसे बंद करने के लिए एनओसी फीस जमा कराने को कहा था। उसने बताया कि जिस एजेंट ने उनकी एचडीएफसी पॉलिसी की फीस जमा करानी थी उसने आपकी पॉलिसी भारत एएक्सए में करवा दी। अब उन्हें सीधे विभाग के खाते




में फीस जमा करानी होगी। उसने कहा कि फीस के साथ जो 18 फीसदी जीएसटी जमा होती है उन्हें वह नहीं देनी है। उसने कहा कि उन्हें शेयर मार्केट में निवेश कर उसके दस्तावेज लगाने है। आरोपित ने झांसे में लेकर अलग-अलग खातों में उनसे 27 अप्रैल से 11 जून तक 13.22 लाख रुपये की राशि जमा करवा ली। उन्हें बताया गया कि उनके इंश्योरेंस के रुपये उनके खाते में आ जाएंगे। उसने जो दस्तावेज भेजे थे वह वो फर्जी मिले। उसके बाद वह नंबर बंद हो गया। तब उन्हें ठगी का अहसास हुआ।

## टैंपो ने बाइक को टक्कर मारी पिता- पुत्र की मौत, पत्नी गंभीर

■ घसौली से उमेदगढ़ रोड पर हादसा, पुलिस ने जांच शुरू की

**गन्नौर**। घसौली से उमेदगढ़ रोड पर टैंपों की मोटरसाईकिल में टक्कर से मोटरसाईकिल सवार दो युवकों की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची बड़ी औद्योगिक का क्षेत्र थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई करते शवों को पोस्टमार्टम के लिए शव गुह में रखवा दिया।

### आज होगा पोस्टमार्टम

सोमवार को मृतक पिता पुत्र के शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा । मृतक अब्बास के बेटे शमशेर की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मृतक उमेदगढ़ से बेगा अपने गांव में जा रहे थे । प्राप्त जानकारी के अनुसारमोटरसाईकिल पर सवार होकर 60 वर्षीय अब्बास अपने 20 वर्षीय पुत्र समीर व अपनी 50 वर्षीय पत्नी रहीमा के साथ गन्नौर से जा रहा था। जब वह घसौली से उमेदगढ़ रोड पर पहुंचा तो सामने से आ रहे टैंपों ने टक्कर मार दी।

### ऐसे हुआ हादसा

टक्कर इतनी तेज थी कि टक्कर लगने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में अब्बास व उनके बेटे समीर को उपचार के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में ले जाया गया।

जहां डॉक्टरों ने उपचार के दौरान मृत घोषित कर दिया। जब कि उसकी पत्नी रहीमा की हालत को गंभीर देखते हुए खानपुर मेडिकल में रेफर कर दिया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

## परिषद का चुनाव संपन्न, खुशीराम बने अध्यक्ष

**सोनीपत**। प्रजापति धर्मशाला सोनीपत में दी हरियाणा अनुसूचित जाति पिछड़ी वर्ग अल्पसंख्यक परिषद का 3 वर्षीय चुनाव चुनाव अधिकारी नकीन मेहरा की देखरेख में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान के मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक सुरेंद्र पवार व पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता खुशी राम रेवाड़ी ने की। मंच का संचालन प्रदीप चोपड़ा महासचिव ने किया। इस दौरान जन कल्याण जन उत्थान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रणवीर सिंह, प्रिंस एजुकेशन व चैरिटेबल सोसायटी के अध्यक्ष सतीश ठाकरान, आईसीसी के वाइस चेयरमैन अनंत दहिया, समाजसेवी सुरेंद्र छक्किारा, महेंद्र सिंह आदि गणमान्य लोगों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। संस्था के 3 वर्षीय चुनाव के तहत सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। जिसमें अध्यक्ष खुशीराम शर्मा रेवाड़ी, उपाध्यक्ष हवा सिंह बहोत सोनीपत, बलवंत अली हिसार, मुख्तियार खान कुंडली सोनीपत को बनाया गया। वहीं महासचिव प्रदीप चोपड़ा सोनीपत, सचिव डॉ महेंद्र सिंह वैद्य को बनाया गया।

## पैसे ट्रांसफर करने का झांसा देकर धोखाधड़ी

**गोहाना**। छिछड़ाना के एक दुकानदार से पैसे ट्रांसफर करने का झांसा देकर उससे 19,800 रुपये ठग लिए। उनके वाट्सएप पर पैसे ट्रांसफर करने का फर्जी मैसेज भेजा गया। ठग ने उसके बाद कहा कि उनका एक जानकार अस्पताल में दाखिल है और उनसे पैसे ट्रांसफर करवा लिए। जब उन्होंने अपना बैलेंस देखा तो ठगी का पता चला। बरोदा थाना में मामला दर्ज किया गया। राज सिंह ने पुलिस को बताया कि उसने गांव में किराना के सामान की दुकान कर रखी है। शुक्रवार को दोपहर लगभग एक बजे उसके मोबाइल पर एक व्यक्ति ने फोन किया। वह कहने लगा मैं शर्मा जी बोल रहा हूं, मुझे पहचाना क्या, उसने कहा नहीं पहचान फिर भी बोलिए क्या काम शर्मा जी। इसके बाद उसने कहा कि उसके किसी व्यक्ति में 15-20 हजार रुपये आते हैं और में गूगल-पे या फोन-पे नहीं चलाता हूं। आपके खाते में पैसे डलवा दूं। उसने हां कर दी। कुछ देर बार उसके मोबाइल पर 20 हजार रुपये क्रेडिट का टैक्सट मैसेज भेजा गया। बाद में पैसे ट्रांसफर करने का वाट्सएप पर फर्जी मैसेज भेज दिया। उसने अपने खाते का बैलेंस नहीं देखा। कुछ देर बाद उस व्यक्ति ने फोन करके कहा कि आपने खाते में पैसे डाल दिए हैं। उससे कहा गया कि मुझे 10 हजार रुपये की जरूरत पड़ गई है और एक व्यक्ति अस्पताल में दाखिल है। बाकी के पैसे बाद में डाल देना। उसे एक नंबर दिया गया, जिस पर उसने पहली बार 10 हजार रुपये और दूसरी बार 98 सौ रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में उसने अपने खाते का बैलेंस देखा तो पता चला कि उसके खाते में 20 हजार रुपये नहीं आए थे।

# शेयर मार्केट में निवेश का लालच देकर 47 लाख रुपये ठगने वाले गिरोह का पर्दाफाश

■ उत्तरप्रदेश के अलग-अलग जिलों से नौ गिरफ्तार ■ 16 फोन और 44 सिम बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

शेयर मार्केट में मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर ओमेक्स सिटी निवासी युवक से 47.38 लाख रुपये ठगने वाले गिरोह का साइबर थाना पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों से नौ साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने उनसे 5.47 लाख रुपये नकद, 4.60 लाख की एफडी, 16 मोबाइल फोन व 44 सिम समेत अन्य सामान जब्त किया है। उनके खिलाफ देशभर में इस तरह की कुल 207 शिकायत मिली है।

ओमेक्स सिटी सोनीपत निवासी लोकेश ने 24 जनवरी को साइबर थाना में शिकायत दी थी कि अक्तूबर, 2023 में उनकी पहचान ब्रोकर आनंद से हुई थी। उसने खुद



को कोलकाता स्थित एक्सेल स्टाक कंपनी में कर्मचारी बताया था। उसने उन्हें विदेशी मुद्रा में निवेश कर मुनाफा कमाने का झांसा दिया था। वह झांसे में आ गए। उन्होंने 18 अक्तूबर, 2023 को 1.82 लाख दिए। उसके बाद उनसे निवेश के नाम पर रुपये ट्रांसफर करवाते रहे। उनसे करीब 47.38 लाख लिए गए। उनसे ईमेल आईडी से 27 अक्तूबर 2023 को पोर्टफोलियो पर 7 लाख 77 हजार रुपए की राशि की मांग की। तब उन्हें ठगी का अहसास हुआ। उन्होंने जनवरी में मुकदमा दर्ज कराया।

पुलिस उपायुक्त पूर्वी जोन प्रबिना पी. ने बताया कि साइबर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर बसंत कुमार की टीम ने मुकदमा दर्ज करने के बाद 9 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ क्षेत्र निवासी प्रदीप, दीपक, अतिशी और यशवंत, वाराणसी निवासी अमन और प्रतीक, गाजीपुर निवासी हर्ष चंदौली व आकाश और गोरखपुर निवासी आदत्यि के रूप में हुई है।

### दस लाख की नकदी जब्त

पुलिस टीम ने उनसे 5.47 लाख रुपये, 4.60 लाख की एफडी भी जब्त की है। अलग-अलग आरोपितों से 16 मोबाइल, 44 सिम कार्ड, 59 सिम के लिफाफे, आठ मोबाइल बॉक्स भी बरामद किए गए हैं। क्राइम रिकॉर्ड के अनुसार आरोपियों के खिलाफ देशभर से शिकायतें मिली थी।

# ट्रांसफार्मर को सुरक्षित बनाने के लिए जियो स्विच, अर्थिंग व अन्य उपकरण लगाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

बिजली निगम ने गर्मी में बिजली की भारी मांग को देखते हुए ट्रांसफार्मरों को सुरक्षित व मजबूत बनाने पर काम शुरू कर दिया है। इसके लिए विशेष रूप से जियो स्विच, अर्थिंग, गार्डिंग व वोल्टेज सेंसर समेत अन्य उपकरण लगाए जा रहे हैं। बिजली निगम की ओर से रविवार को ओल्ड रोहतक रोड पर तीन नलकों वाली गली के पास रखे ट्रांसफार्मरों की मरम्मत की गई। जिसके चलते विशाल नगर व वेस्ट रामनगर क्षेत्र में सात घंटे तक बिजली आपूर्ति बंद रही। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शाम पांच बजे बिजली आपूर्ति दोबारा शुरू होने पर लोगों को राहत मिल सकी।

किसी भी लाइन में किसी भी कारण से फाल्ट आता है तो वह कम से कम समय में ठीक किया जाए। इसके लिए ट्रांसफार्मरों के पास सभी प्वाइंट पर जियो स्विच लगाए जा रहे हैं। तीन नलकों वाली गली के पास रखे ट्रांसफार्मर के जियो स्विच खराब पड़े थे। जिसकी वजह से बार-बार लाइन ट्रिपिंग कर रही थी। जिसके चलते लोगों को परेशानी हो रही है। ऐसे में बिजली निगम की ओर से रविवार को जियो स्विच बदलने का काम किया गया। सुबह 10 से बिजली आपूर्ति बंद की गई। जिससे विशाल नगर व वेस्ट रामनगर में बिजली आपूर्ति बंद होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। लोग बार-बार अधिकारियों को फोन करते रहे। शाम 5 बजे से दोबारा बिजली आपूर्ति शुरू होने पर लोगों को राहत मिल सकी।




### बिजली कटों से राहत मिलेगी

तीन नलकों वाली गली के पास रखे ट्रांसफार्मरों के जियो स्विच बदलने का काम किया गया। मरम्मत कार्य के लिए दो कॉलोनियों में बिजली आपूर्ति बंद की गई थी। अब लोगों को बार-बार लग रहे बिजली के कटों से राहत मिल सकेगी।
**विक्की गहलावत**, उपमंडल अभियंता, औद्योगिक क्षेत्र, बिजली निगम

*जब मैंने प्रेम किया तो मुझे लगा जीवन आकर्षण है जब मैंने भक्ति की तब मुझे लगा जीवन समर्पण है । जब मैं बैठा था तो समझता था कि जीवन उपस्थिति है जब मैं खड़ा था तब समझता था कि जीवन स्थिति है ।*

**-गोपालदास नीरज**



*सुग्गा ने उसे बताया कि आखिर क्यों एक संकीर्ण मानसिकता के चलते दोनों पेड़ काट दिए गए। चिरकाल की सामाजिक, राजनीतिक और नैतिक मान्यताओं का समुच्चय एक साथ भगत पंडित के मस्तिष्क में उभर आया। वक्त बीतता गया। अंततः भगत पंडित गाँव का सरपंच बना। अब उसने अपनी दौड़ को राजधानी तक कर लिया है। इधर सुग्गा को अब भी चबूतरे पर दोनों पेड़ों के फिर से जिंदा होने का इंतजार है। लेकिन पेड़ कहाँ हैं?*



कहानी | डॉ. एस.डी. वैष्णव

## पेड़ कहाँ हैं

अगर मंदिर पर से एक भी पेड़ काटा, तो ठीक नहीं होगा। भगत पंडित ने बुलेट बाइक से उतरते ही आवाज मुखर की। 'तुम लोगों ने लगाए पेड़ जो काटने चले आए! अरे, पुरखों की विरासत है यह दोनों। मैं देखता हूँ, कौन काटता हैं!' अपने तल्ख लहजे में उसने सबको आगाह किया।



भगत पंडित गाँव में युवा नेता था। सबके हित की बात करता और कहीं अनुचित होता देखता, तो लड़-भिड़ जाने को तत्पर रहता। मुँह फट आदमी था। एक बार खरी कह दी, सो कह दी। उसके वहाँ आते ही मंदिर पर जमा लोगों को जैसे साँप सूंघ गया। उसने कहा, 'पेड़ लगाने के जमाने में पेड़ काटने पर आमादा हो रहे हो!' उसका बोलना हुआ कि सब आगे-पीछे होने लगे।

भगत पंडित की वजह से कुछ पल चबूतरे पर सन्नाटा पसरा रहा। बड़बड़ाते जाते हुए, उसने कश्मीरी मफलर को गले में ठीक से लपेटा। फिर बाइक को किक लगाई। बाइक डुबू-डुबू-डुबू-डुबू करती हुई, आगे निकल गई।

बाइक के लॉन्ग स्ट्रोक इंजन से आती गहरी गड़गड़ाहट देर तक चबूतरे पर सुनाई देती रही। इंजन से आती उस ध्वनि में चेतावनी की गूँज भी मौजूद थी।इधर घर आने के बाद पेड़ों को लेकर भगत पंडित का मन थोड़ा विचलित था।

गाँव के हनुमान मंदिर के लंबे-चौड़े चबूतरे पर अक्सर युवाओं और बुजुर्गों की बैठकें होती रहती थीं। चबूतरे के दोनों कोनों पर खड़े विशालकाय पीपल और नीम का वृक्ष अपने अतीत की गौरव गाथा स्वयं बयां करते थे। रामलीला का मंचन हो, चाहे अखंड रामायण पाठ, चाहे गाँव में यदा-कदा आने वाले छोटे-मोटे राजनेताओं का सम्मान और भाषण कार्यक्रम आदि इसी चबूतरे पर आयोजित होते। गाँव में जब कभी वानर साम्राज्य का आगमन होता, तब वे कई दिनों तक इन दोनों पेड़ों को अपना घर मानकर, डेरा जमाए रहते जो नित्य छोटे बच्चों के लिए कौतूहल का केंद्र बनते।

शीतकाल में चबूतरे पर बनी धूणी पर अलाव लगाया जाता, फिर देर तक बहस चलती- गाँव में कौन क्या कर रहा है, किस-किसी ने कहाँ-कहाँ अपना खूँटा गाड़ रखा है, कहाँ विवाह है और कहाँ मृत्युपरांत होनेवाली बैठकें..इन सब बातों की जानकारी चबूतरे पर मौजूद थी। कुछ पढ़े-लिखे युवा मृत्युभोज का विरोध करते, तो उन्हें चबूतरे की बैठकों से दुत्कार दिया जाता। आरोप लगाया जाता कि ज्यादा पढ़-लिख गए हैं, अब परंपरा को बिसराने की बात कर रहे हैं। बारह दिन का चाल-चलन तो करना ही पड़ता हैं, अन्यथा मृत आत्मा को शांति नहीं मिलती है।

गाँव में दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों के समर्थक बराबर रूप से मौजूद थे। एक बार शीतकाल में रूस-यूक्रेन युद्ध का मुद्दा कई दिनों तक अलाव के आसपास मंडराता रहा। युद्ध लंबा चला, लिहाजा बहस भी लंबी चली। बहस का जब राजनीतिकरण होने लगता, तो बात हाथापाई तक भी आ जाती थी।

खैर, यह मन-मुटाव ज्यादा दिन नहीं चलता और किसी बहस के साथ फिर नयी शुरुआत होती। कुछ दिन बाद चबूतरे पर से अफ़वाह भरी यह खबर भी उठने लगी थी कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का संबंध तो राजस्थान से है। और इन सब बातों के मुख्य गवाह यह दोनों पेड़ ही थे।

समय के पड़ाव के साथ चबूतरे पर टीन शेड डालने की योजना बनी, तो सालों से अपनी बाँहें फैलाए अटल विश्वास के साथ खड़े दोनों विशालकाय पेड़ों को धराशायी होना पड़ा।

भगत पंडित के साथ कुछ और लोगों ने भी इस बात का मजबूती के साथ विरोध किया कि नीम के अपने औषधीय गुण हैं, ऊपर से शीतला माता नीम के नीचे ही विराजित हैं। और पीपल का पेड़ तो किसी भी स्थिति में काटना अपशगुन माना जाता है। पीपल का वृक्ष भगवान विष्णु का जीवंत स्वरूप है, इसलिए इनको यथावत रखा जाए। फिर महिलाओं को दशामाता पूजन के लिए भी पीपल का वृक्ष चाहिए! बहन-बेटियां गाँव से बाहर कहाँ जाएंगी!

खैर, इन तर्कों का कोई सार्थक परिणाम नहीं निकला, क्योंकि टीन शेड डालने वालों की तरफ ज्यादा लोग थे। उनका पक्ष मजबूत था। भगत पंडित को सरपंच पद पर निर्विरोध विजय बनाने का आश्वासन मिला, तो उसने भी अपनी जुबान बंद कर दी। अंततः दोनों पेड़ों को टीन शेड के नाम पर जमींदोज होना पड़ा। पक्षियों के घरौंदे जमीन पर बिखर गए और दोनों पेड़ गाँव वालों की यादों में रह गए।

टीन शेड लगा। फिर पंखे भी लगाए गए, लेकिन उन दोनों पेड़ों जैसी शीतल छाया वाली बात अब कहाँ थी..! सुबह-शाम होने वाला पक्षियों का कलरव भी खत्म हो गया था। संध्या वेला में आरती के समय नीम पर दिखने वाला सारंग और सुर्ख गुलाबी रिंग वाला सुग्गा भी अब नजर नहीं आएंगे। पीपल में तो पितरों और तीर्थों का वास होता है, पर अब यह सब अनुभूति कहाँ होंगी! औरतें कहाँ पूजा करेंगी! बड़ी गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई थी।

भगत पंडित के जहन में कवि बिलाल 'वास्कोडिगामा' की पंक्तियाँ तरी हो रही थीं- 'परिंदे नहीं लड़ते पेड़ों से, गौर से देखोङ्क.लड़ रही हैं कुछ भूखी कुल्हाड़ियाँ, पेड़ों के बदन से।'

भगत पंडित ने भीतर से आहत होते हुए भी इस पूरे प्रकरण पर अपनी आँखें मूंदें रखीं, लेकिन सुग्गा की आँखें खुली थीं। इस घटना में कई पक्षियों के साथ उसकी प्रेयसी की भी मौत हो गई थी। नीम कटते वक्त वह कोटर में मौजूद थी। सुग्गा अमेजॉन प्रजाति का बड़ा विचित्र पक्षी था जो लंबे समय से नीम के कोटर में अपनी प्रेयसी के साथ रह रहा था। उसके पास मनुष्यों के भाषण और ध्वनि संकेत को समझने की दिव्य शक्ति थी; लेकिन गाँव में यह बात किसी को मालूम नहीं थी।

एक बार रात के अंतिम पहर में भगत पंडित ने स्वप्न में देखा कि एक रहस्यमयी सुग्गा उसके द्वारा पर बैठा है। वह उसे गाँव के उन षड्यंत्रकारी लोगों के बारे में बताना चाहता है जो उसे चुनाव में एकतरफा विजय बनाने का आश्वासन दे चुके थे। और आगे उनका राजनीतिक हथकंडा और एजेंडा क्या है? उसे मोहरा बनाकर पेड़ काट दिए गये। सुग्गा ने उसे यह भी बताया कि राजनीति का उसूल है- बड़े बरगद के नीचे छोटा बरगद कभी पनप ही नहीं सकता। और भी बहुत कुछ था उस स्वप्न में...।

स्वप्न ने भगत पंडित को झकझोर दिया। पसीने की बूंदें उसके चेहरे पर तैर आईं। वह उठ बैठा। अपना हुलिया दुरुस्त किया और देखा कि वह अपने कमरे में ही मौजूद है। उसने घड़ी में देखा, अभी दिन फूटने में वक्त था। सपने कौनसे सच होते हैं! यही सोचकर वह फिर से कंबल तानकर सोये रहा।

सुबह जब वह घर से बाहर निकाला तो हतप्रभ था। उसने देखा, सुग्गा ठीक स्वप्न वाली जगह पर बैठा था। भगत पंडित को देख, वह उड़कर मंदिर की ओर चला गया।

भगत पंडित के भीतर द्वंद्व चलने लगा। आखिर कौन है बड़ा बरगद! जो भी हो, वह उससे लोहा लेकर ही रहेगा। पेड़ों के कट जाने का पश्चाताप उसे होने लगा। उसने निश्चय किया कि वह टीन शेड हटवाकर पुनः पीपल और नीम का वृक्ष लगाएगा।उसने अपनी बुलेट बाइक स्टार्ट की और मंदिर की ओर चला। वहाँ उसने देखा, सुग्गा मंदिर के गुंबद पर बैठा था।

कुछ दिन आगे एक बार फिर स्वप्न में सुग्गा ने उसे बताया कि आखिर क्यों एक संकीर्ण मानसिकता के चलते दोनों पेड़ काट दिए गए। चिरकाल की सामाजिक, राजनीतिक और नैतिक मान्यताओं का समुच्चय एक साथ भगत पंडित के मस्तिष्क में उभर आया।

वक्त बीतता गया। अंततः भगत पंडित गाँव का सरपंच बना। अब उसकी ठसक और रंग-ढंग अलग है। धीरे-धीरे आगे भगत पंडित को विधायकी के टिकट का भी आश्वासन मिलने लगा है। अब उसने अपनी दौड़ को राजधानी तक कर लिया है। इधर सुग्गा को अब भी चबूतरे पर दोनों पेड़ों के फिर से जिंदा होने का इंतजार है। लेकिन पेड़ कहाँ हैं?

---

चौपाई छंद | शकुन्तला काजल 'शकुन'



## संत कबीर दास

ज्येष्ठ मास की पूरण मासी।
नीरू-नीमा तजें उदासी।।
कारण था नन्हा -सा बालक।
आज बने थे जिसके पालक।।

मगहर की धरती मतवाली।
चारों और दिखी खुशहाली।।
ज्यों -ज्यों बढ़ता गया कबीरा।
ज्ञान -ध्यान में तपा शरीरा।।

निर्गुण ज्ञान मार्ग अपनाया।
तज पाखंड विरोध जताया।।
नित बुराइयों की जड़ खोदी।
बहुतेरे जन बने विरोधी।।

इनके शिष्यों ने बतलाया।
नहीं कभी गुस्से में पाया।।
सत्य- अहिंसा के पथ गामी।
अलबेले थे अंतर्यामी।।

जब-जब इनको गया सराहा।
बेबस और गिराना चाहा।।
शेख तकी ने नफरत बो दी।
ईश्वर ने जिह्वा ही खो दी।।

सबद, रमैनी इनके दोहे।
जो हर प्राणी का मन मोहे।।
कबीर बीजक, कबीर साखी।
तैर गए जिस- जिसने चाखी।।

---

कविता | निधि राठी



## पुराना मकान

एक घर था जो ढह गया,
एक वक्त था जो बीत गया,
दीवारों से खिलखिलाहट झड़ने लगी है,
मेरी यादें मुझे मुंह मोड़ने लगी है।

सब कुछ तो छोड़ जाना है एक दिन,
फिर क्या तेरे संग क्या तेरे बिन,
ऐसे गिन कर दिन गुजार रही हूं,
मानो किसी का क़र्ज़ उतार रही हूं।

वो रह गया अंदर जो कहना था,
कुछ सह चुके थे,
पर शायद अभी और सहना था,
आंगन में नीम का पेड़ मुरझाने
लगा है,
गांव की गलियां सुनसान देखी,
लगा गांव भी शहर सा होने लगा है।

तस्वीर टूटने वाली है,
कांच बिखरने वाला है,
एक तूफ़ान सब बरबस हो जाएगा,
रोक ले नहीं तो पराया हो जाएगा।

खौंफ आता है इन दरारों से,
जो मेरी चौखट में आई है,
वो दूर खड़ी जो हंस रही है,
मैं हूं या मेरी परछाई है।

दरवाजा बंद नहीं होता,
शायद अकड़ गया है,
देखकर इस पुराने मकान की
हालत मेरा दिल बैठ सा गया है,
मकड़ी के बनाए जाल इस
बात का गवाह है,
वीरान रहा, बारिश, ठंड, धूप,
आंधी सब अकेला ही सहता रहा।

खिले फूल किसी एक कोने में
चुपचाप लहराते रहे,
संदूकों में जंग लग गया,
वो कपड़े, गहने यूं ही सड़ते रहे,
मैं जाऊंगी इस जहां से तो
सबको बता कर जाऊंगी,
किला ढह जाएगा, शोहरत मलबे में
दब जाएंगी, रुतबा बिखर जाएगा,
जमीनें भी लूट ली जाएंगी।

---

ग़ज़ल | श्रीभगवान बव्वा



क्या हुआ है आपकी नाराज़गी क्यों चल रही है,
छोड़ भी दे दुश्मनी को उम्र भी अब ढल रही है ।

यह नहीं मालूम मुझको दोष जिसका भी रहा हो,
नफरतों की आग लेकिन बस्तियों में जल रही है।

हैं बने अब खास देखो न्याय के वे भी पुरोधा,
पीढ़ियों से कौम जिनकी ज़ुल्म की दल दल रही है।

छोड़कर उसको बुढ़ापे में कहीं मत और जाना,
माँ तेरी हरदम से तेरे प्यार में पागल रही है।

काश उसको तुम सिखाते वह बहुत मजबूत होती,
आज बेबस जो बेचारी हाथ खुद के मल रही है।

---

कविता | भूपसिंह भारती



## एक पेड़ मां के नाम

आओ बच्चों तुम्हें बताएं,
महिमा पेड़ महान की।
पग-पग पर ये सेवा करता,
निस्वार्थ हर इंसान की।

निकल बीज से धीरे धीरे,
पौध पेड़ में पनपता है।
फैलाकर ये बाहें अपनी,
फूलों से लदा महकता है।
पेड़ हरे फिर बाधा सारी,
देखो इस पूरे जहान की।

अपनी शीतल परछाई से,
गर्मी को दूर भगाता है।
ये मीठे-मीठे फल देकर,
मन को खूब लुभाता है।
हरदम खुशियों से भर देता
खुशियों की झोली भर दे,
ये बिन मांगे अंजान की।

कार्बनडाइऑक्साइड ले,
दे ऑक्सीजन जीवनदायी।
मरकर भी ये ईंधन देता,
जीवन इसका है फलदायी।
ये नहीं भेद करता कोई,
अद्भुत माया भगवान की।

बिन पेड़ों के होने लगे,
जग में घने अंधेरे है।
कंक्रीटों के इन जंगलों से,
बढ़ रहे प्रदूषण घेरे हैं।
जीवन बचाने को बनो कड़ी,
इस पौधगिरी अभियान की।

एक पेड़ मां के नाम पर,
जरूर लगे हर आंगन बीच।
आने वाली पीढ़ी को बचाने,
पेड़ को मन लगाकर सींच।
कहे 'भारती' तभी बचेगी,
जिंदगी भावी संतान की।

---

लघुकथा | सविता गोयल



## फर्ज

'क्या फायदा इतना पढ़ लिखकर इसी देश में रहने का? इतने बड़े डॉक्टर बन गए हो तुम। विदेश में एक से बढ़कर एक मौके मिलेंगे तुम्हें आगे बढ़ने के। '

' हाँ चाचा, आगे बढ़ने के मौके तो मिलेंगे लेकिन अपने देश की सेवा करने का मौका मुझे नहीं मिलेगा। जिस देश में रहकर मैंने शिक्षा प्राप्त की है अब यहीं रहकर उस देश के प्रति अपना कर्तव्य निभाना चाहता हूँ। '

भतीजे के बात सुनकर चाचा ने गर्व से उसकी पीठ थपथपा दी।

' अगर हर बच्चा तुम्हारे जैसी सोच रखे तो हमारे देश को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। '

---

लघुकथा | शीला बड़ोदिया



## वो गाय

स्कूल की घंटी बजी। नीला बोली, पावी आज मां को खाना बनाने में देर हो गई थी, इसलिए मैं टिफिन नहीं लाई हूं। घर जाकर लंच बॉक्स लेकर आते हैं। स्कूल के बाहर निकल कर पावी बोली, देखो नीला, उस गाय के पेट में कितनी बड़ी गांठ है। वह गांठ के वजन के कारण ठीक से चल भी नहीं पा रही है। हाँ पावी, बेचारी गाय को कितनी तकलीफ हो रही होगी, कितना दर्द हो रहा होगा चलने में। हम तो बोल कर अपनी तकलीफ बता सकते हैं ,लेकिन यह बेजुबान जानवर अपनी तकलीफ किस को कहे और उनकी तकलीफ कौन समझेगा । चलो नीला जल्दी चलो। लंच खत्म हो जाएगा हमें घर से टिफिन लेकर आना है। नहीं तो देर होने पर टीचर हमें डांट लगाएंगे । हां हां पावी चलो, चलते हैं। इतने में गाय उनके पीछे-पीछे भागने लगती है। आगे- आगे पावी और नीला भागते हैं। उनके पीछे-पीछे गाय भागने लगती है। पावी देखो पीछे, हां नीला, हमारे पीछे गाय भाग रही है । यह हमारे पीछे क्यों पड़ी है? हम तो इस पर दया करके उसकी बात कर रहे थे, कि इसे कितनी तकलीफ हो रही होगी, लेकिन यह तो हमारे पीछे ही पड़ गई। नीला जल्दी भागो, जल्दी नहीं तो गाय हमें मार देगी अपने बड़े-बड़े सींग से।

हमारा घर थोड़ी ही दूर रह गया है जल्दी भागो। दोनों की साँस फूल जाती हैं। दोनों नीला के घर पहुंच जाते हैं और गाय दौड़ते हुए आगे की तरफ निकल जाती है घर पहुंच कर पावी और नीला चैन की सांस लेती है । पावी आज तो हम बच ही गए। हां नीला अब हम कभी भी किसी गाय की बात नहीं करेंगे।

---

**सविता मानती हैं कि इस आधुनिक युग में साहित्य, लोक कला और संगीत एक दायरे में सिमट कर रह गए हैं और युवा पीढ़ी की कम होती रुचि का असर सामाजिक और संस्कृति नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। इसके जिम्मेदार हम ही हैं, जो सुविधाएं देने के नाम पर बच्चों को साहित्य, संस्कृति, और लोक कला से दूर कर रहे हैं। हास्य के नाम पर द्विअर्थी कविताएं परोसने से समाज पर बुरा असर पड़ रहा है।**

साक्षात्कार | ओ.पी. पाल

## आधुनिक युग में साहित्य व लोक कला एक दायरे में सिमटे: सावी

हरियाणा की संस्कृति और संस्कारों की विरासत को संजोने के मकसद से लेखक, साहित्यकार व गायक अपनी कला के हुनर से समाजिक उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। समाज सेवा में सक्रिय ऐसी ही लेखिका सविता गर्ग लोक साहित्य और कला जैसे क्षेत्र में लेखन से संस्कृति संवर्धन करने में जुटी हैं। सविता गर्ग 'सावी' ने हरिभूमि संवाददाता से हुई बातचीत में कई ऐसे अनछुए पहलुओं को उजागर किया, जिसमें साहित्य और और संस्कारों के प्रति सकारात्मक ऊर्जा के साथ समृद्ध संस्कृति को जीवंत करने में सक्षम है।

सविता गर्ग का जन्म 3 अप्रैल 1983 को जींद के नगूरा गांव में व्यवसायी राम रत्न गोयल के घर में हुआ। माता गृहिणी हैं और घर का माहौल धार्मिक रहा। उनकी मां बहुत अच्छा गाती हैं। बचपन में मां को भजन गाते गुनगुनाते हुए सुना और उनके साथ गाते-गाते कई भजन याद हो गए। बकौल सविता गर्ग जब वह आठ साल की थी तो उनके मामा उन्हें अपने साथ गांव जाजनवाला ले गए और पढ़ाई वहीं हुई। नाना के घर भी वैसा ही माहौल मिला। वह जिस स्कूल में पढ़ती थी, वहां के हेड मास्टर पंजाब सिंह ने उन्हें गाते सुना तो स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रम में गाने के लिए प्रेरित किया। इससे बालमन बड़ी आशाओं से भर गया, जिसके बाद बहुत सारे कार्यक्रमों में नृत्य और गायन दोनों किया। बचपन से ही खासकर कविताएं और कहानियां पढ़ने का शौक था। कोई कागज का लिखा हुआ लिफाफा बहुत सावधानी से खोलकर वह कागज़ के लिफाफों पर लिखी कहानियां भी पढ़ती थी। जहां कहीं कोई कागज़ का टुकड़ा मिलता, बस उसे खोलती और पढ़ती। उस वक्त साहित्य के बारे में तो कुछ भी नहीं जानती थी। वह ग्यारहवीं कक्षा में थी, तो सौभाग्य से वृंदावन जाना हुआ और बस वहीं से जीवन में एक ऐसा मोड़ आया कि घर आने के बाद बार बार वृंदावन जाने का मन करता था, लेकिन संभव नहीं था। मन के इस द्वंद्व में कब कलम हाथ में आई पता ही नहीं चला, जो लिखा है वह एक बहुत अच्छा भजन बन गया और उसके लेखन के केंद्र में कृष्ण कन्हैया ही थे। स्कूल की मैगजीन और उसके बाद कॉलेज की मैगजीन में मछोटी छोटी रचनाएं प्रकाशित हुई। इसके अलावा दहेज प्रथा, भ्रूणहत्या, नारी उत्पीड़न और भी कई विषयों पर कविताएं लिखी। सौभाग्य से एक बार उनके कॉलेज में जींद के जाने माने साहित्यकार राजेंद्र मानव गोष्ठी के उद्देश्य से आए, जिनके सामने उन्हें भी कविता पढ़ने का अवसर मिला, जिसे खूब सराहा गया। इसके बाद उन्हें गोष्ठियों में मंच पर गाने का निमंत्रण मिले, जहां से उनकी साहित्यिक गतिविधियां सार्वजनिक हुई। साहित्य और लोककला के क्षेत्र में उतार चढ़ाव भी एक जीवन का हिस्सा होता है। कुरुक्षेत्र में यूथ फेस्टिवल में पहली बार प्रस्तुति के लिए उसकी हरियाणवी नृत्य और गायन की तैयारी थी, लेकिन पिता ने जाने से इंकार कर दिया। पाबंदी की वजह से पहली बार यूथ फेस्टिवल में प्रस्तुति देने का अवसर खोना पड़ था। मन बहुत उदास था, लेकिन समझाने पर भी पापा नहीं माने, तो ऐसे में मां उनका सहारा बनी और इस आयोजन में उनकी दोनों प्रस्तुतियां शानदार रही। हरियाणवी में लेखन और गायन उनका फोकस भ्रूणहत्या, दहेज प्रथा के अलावा देश प्रेम, भाईचारा, संस्कृति व आध्यात्मिकता पर रहा है। अभी तक उनके 17 हिंदी और हरियाणवी भजन रिलीज हो चुके हैं। सविता गर्ग राष्ट्रीय कवि संगम पंचकूला इकाई की अध्यक्ष भी हैं। खास बात यह भी है कि हरियाणा साहित्य अकादमी द्वारा एकल काव्य संग्रह के प्रकाशन हेतु पाण्डुलिपत चयनित व अनुदान स्वीकृति प्राप्त सविता गर्ग हिंदी साहित्य सेवा के साथ समाज सेवा में सक्रिय हैं।

सविता मानती हैं कि इस आधुनिक युग में साहित्य, लोक कला और संगीत एक दायरे में सिमट कर रह गए हैं और खासतौर से युवा पीढ़ी की कम होती रुचि का असर सामाजिक और संस्कृति नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। इसके जिम्मेदार हम ही हैं, जो बच्चों को साहित्य से दूर कर रहे हैं।

### प्रकाशित पुस्तकें

सविता की प्रकाशित पुस्तकों में एकल काव्य संग्रह 'मेरी उड़ान' और 'मैं मीरा-सी' तथा बाल काव्य संग्रह 'प्यारी सोनपरी' सुर्खियों में हैं। इसके अलावा नशामुक्ति जैसे विषय पर आधारित संयुक्त काव्य संकलन 'ये जिंदगी है अनमोल' तथा संयुक्त काव्य संकलन 'उमंग अभिव्यक्त' में उनकी कविताएं प्रकाशित हुई हैं। राज्य की स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में प्रकाशित सांझा बाल काव्य संकलन 'दुनिया गोल मटोल' में उनकी कविताओं को प्रमुखता से स्थान मिला है। उनके 17 भजन जारी हो चुके हैं। विभिन्न समाचार पत्रों पत्रिकाओं में हिंदी व हरियाणवी कविताओं व गीतों का प्रकाशन होता आ रहा है।



सविता गर्ग 'सावी'

### पुरस्कार व सम्मान

उन्हें अंतरराष्ट्रीय पद्म शौर्य सम्मान, भारत गौरव सम्मान, मैथिली शरण गुप्त सम्मान, हरियाणा भूषण सम्मान, नारी शक्ति सम्मान, कोकिला रत्न सम्मान, युवा शताब्दी साहित्यकार सम्मान, निर्भया अवार्ड, मधुशाला गौरव सम्मान, अमृत महोत्सव काव्य गौरव सम्मान, हरियाणा गौरव काव्य दर्पण सम्मान, अग्र गौरव सम्मान, वूमेन वर्ल्ड रिकॉर्ड्स द्वारा वूमेन इंस्पिरेशनल अवार्ड के सम्मान प्रमुख हैं। उन्हें बिहार की संस्था विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ द्वारा विद्यावाचस्पति की मानद उपाधि से सम्मानित किया जा चुका है।

### व्यक्तिगत परिचय

**नाम:** सविता गर्ग 'सावी'
**जन्मतिथि:** 3 अप्रैल 1983
**जन्म स्थान:** गांव नगूरा, जींद(हरियाणा)
**शिक्षा:** स्नातक डिग्री(जन प्रशासन)
**संप्रति:** समाज सेविका, गायिका, स्वतंत्र लेखन

---

## लोहिया के समाजवाद से परिचय कराती पुस्तक



**पुस्तक : लोहिया के सपनों का भारत**
**लेखक : अशोक पंकज**
**प्रकाशक : राजकमल**

पुस्तक समीक्षा | डॉ. जितेंद्र प्रसाद

लोहिया के बारे में लिखना संवेदनशील और गंभीर कार्य है, जिसको इस पुस्तक के लेखक ने बखूबी निभाया है। लोहिया अपने आपमें एक प्रतिरोध हैं, जिन्होंने तत्कालीन समय के राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय विचारधाराओं के बरक्स स्वयं की समाजवादी विचारधारा को एक विकल्प के रूप में खड़ा किया। लोहिया के समाजवाद संबंधी विचार, उनकेभाषणों, लेखो, में बिखरा हुआ है जिसे प्रो.अशोक पंकज ने संक्षिप्त पुस्तक में बड़ी सहजता के साथ पेश किया है। उम्मीद है कि इस पुस्तक के माध्यम से लोहिया के विचारों पर शैक्षणिक जगत और आमजनमानस में चर्चा-परिचर्चा एवं विमर्श की एक नई शुरूआत होगी। लोहिया के विचारों को आमजनमानस तक पहुँचाना लेखक का एक प्रमुख उद्देश्य है, जिसमें वे सार्थक हुए हैं। इस पुस्तक में लेखक ने लोहिया के समाजवाद के विचारों को सैद्धांतिक, वैचारिक एवं अन्य पहलुओं को पांच खंडों में प्रस्तुत किया है। पहला खंड, लोहिया के समाजवाद की रूपरेखा है; दूसरा खंड, लोहिया के सैद्धांतिक पहलुओं, जिसमें समता से संपन्नता, सिविलनाफ़रमानी से लोकतंत्र को बताया गया है; तीसरा खंड, लोहिया के वैचारिक पहलू; चौथे खंड में व्यावहारिक पहलू, तथा पांचवें खंड में उनके विचारों की समसामयिकता का विश्लेषण किया गया है । लेखक ने पुस्तक में लोहिया के विचारों के सैद्धांतिक पहलुओं को प्रस्तुत करने के साथ उनके विचारों का भविष्य में क्या आधार होगा, यह संभावना भी तलाशी है।

प्रो.पंकज ने पुस्तक में लोहिया के सपनों के भारत का महत्वपूर्ण स्तंभ 'चौखंभा राज' की अवधारणा को सरल तरीके से व्याख्या की है, जिसमें लोहिया सत्ता का विकेंद्रीकरण करना चाहते हैं। लेखक ने राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रति व्यक्ति आय में असमानता, बढ़ती गरीबी, जातीय एवं वर्ग भेद, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के सुविधाओं की कमी रोजगार का संकट के आँकड़ों को प्रस्तुत कर यह साबित किया है कि,'लोहिया के सपनों का भारत' का निर्माण अधूरा है और उसके लिए उनके विचारों को समझाने एवं कार्यक्रमों को सही संदर्भों में लागू करने पर बल दिया है । लेखक 'लोहिया के सपनों का भारत' के निर्माण को समसामयिक राजनीतिक परिदृश्य से गायब पातेहैंऔर उसे साकार होने की उम्मीद के रूप में देखते हैं। उन उम्मीदों में इस पुस्तक की प्रासंगिकता है और इसकी सार्थकता भी।

## खबर संक्षेप




### आदमी पार्टी का बदलाव जनसंवाद कार्यक्रम

**गोहाना।** आम आदमी पार्टी के बदलाव जनसंवाद कार्यक्रम के तहत बरोदा हलके के गांव रिंढाणा और बनवासा में सभा की गई। इस सभा में पार्टी के नेता संदीप मलिक ग्रामीणों से उनकी समस्याओं बारे चर्चा की। संदीप मलिक ने कहा कि अब बदलाव का समय है। जालंधन उपचुनाव जीतने के बाद बरोदा हलका में बदलाव होगा। वे बोले कि गांवों में बिजली के भारी भरकम बिल और पीने के पानी की समस्या को लेकर लोगों में रोष है। कार्यक्रम में युवा नेता संदीप मलिक के साथ प्रदेश यूथ विंग सचिव मोना सिवाच ने सभी को पार्टी की नीतियों के बारे में लोगों को जागरूक किया।

### ब्लॉक समिति सदस्यों को गिरफ्तार करने की निंदा

**सोनीपत।** रोहतक में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे ब्लॉक समिति सदस्यों को गिरफ्तार करने की जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने कड़े शब्दों में निंदा की। संजय ने कहा कि अब भाजपा सरकार पंचायती राज को खत्म करने पर तुली हुई है। ब्लॉक समिति सदस्यों की मांगों को पूरा करने की बजाय उन्हें गिरफ्तार करके लोकतंत्र का हनन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंचायती राज की सबसे बड़ी संस्था जिला परिषद और ब्लॉक समिति सदस्यों की मांगों को सरकार को पूरा करना चाहिए।



### जनसंवाद में बताई कांग्रेस की नीतियां

**खरखौदा।** किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष जगदीश चहल ने खरखौदा के वार्ड एक व सात में कांग्रेस की कल्याणकारी योजनाओं व नीतियों का प्रचार किया। साथ ही कांग्रेस को समर्थन देने का आह्वान किया। वार्ड नंबर सात के निवासियों ने उन्हें बताया कि मौजूदा सरकार जानबूझकर आमजन को मूलभूत सुविधाएं से वंचित रख रही है। धानक समाज के लोगों का कहना था कि गन्दे पानी की कोई निकासी नहीं है और उनकी गलियों में गंदा पानी भर जाता है तथा घरों तक में भर जाता है। जिससे उनका जीवन नारकीय हो गया है। कांग्रेस नेता ने सरकार से पानी निकासी व सफाई व्यवस्था में सुधार करने की मांग की, ताकि बस्ती में बीमारी न फैल सके। इसके बाद गांव बैंयापुर के लोगों संवाद किया। इन्दू चहल पूर्व सरपंच राठधना एवं पूर्व संगठन सचिव महिला कांग्रेस सोनीपत, पंडित बलवान पंडित दीपक कुमार आदि।



### लागू की जाएंगी कल्याणकारी योजनाएं : जयवीर

**खरखौदा।** विधायक जयवीर वाल्मीकि का विधानसभा क्षेत्र के गांव पाई में बाल्मीकि समाज द्वारा स्वागत किया गया। विधायक जयवीर ने स्वागत कर्ताओं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान सभी वर्गों ने कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी के पक्ष में बढ़ चढ़कर मतदान किया। जिसके लिए वह सदैव हलके के लोगों के आभारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में आधी लड़ाई हम जीत चुके हैं। लेकिन आधी लड़ाई जीतना अभी बाकी है। पूरे प्रदेश में कांग्रेस के पक्ष में माहौल है। इसके बावजूद सजग रहने है और पार्टी के लिए विधानसभा चुनाव तक जी जान लगाकर मेहनत करनी होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश मे चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनते ही कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया जाएगा।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया

# 75वें वन महोत्सव के तहत 151 पौधे किए गए रोपित

### अभियान को बल देने के लिये रोटरी क्लब सोनीपत ने भी काम शुरू कर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

देश भर में इस बार 75वें वन महोत्सव के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान को बल देने के लिये रोटरी क्लब सोनीपत ने भी काम शुरू कर दिया है। क्लब प्रेसिडेंट डॉ. गौरव डेमबला की अध्यक्षता में सदस्यों ने रविवार को शहीद मदन लाल ढींगरा पंजाबी समुदाय केंद्र बहालगढ़ रोड़ सोनीपत में 151 अलग-अलग तरह के पौधे लगाए। जिस से इस समुदाय केंद्र में तथा आसपास के क्षेत्र में पर्यावरण को शुद्ध रखने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर पंजाबी समुदाय केंद्र के प्रधान मोहन टुटेजा ने रोटरी क्लब के प्रेसिडेंट तथा सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब के सदस्य गौरव गंभीर, संजय अरोड़ा, विनीत, जगदीप सिंह, ऋषी चोपड़ा, गौतम सचदेवा, कुलदीप सोलंकी, संजीव सरीन, गौरव लूथरा, विपिन दुआ, अनमोल,योगेश भगत, प्रमोद भगत, राजीव कठपालिया,त्रिभुवन कौशिक, अजरा अरोड़ा, श्वेता, मोनिका, पूजा आदि मौजूद रहे। अन्त में रोटरी क्लब के सचिव डॉ. सचिन गुप्ता ने सभी सदस्यों का धन्यवाद किया।




फोटो 14 एसएनपी 1. पौधारोपण करते हुए क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।



14 जीओएच 5 में-पेड़ों की टहनियों पर पंछियों के लिए दाना-पानी के कसारे बांधते हुए अतिथि व संगठन सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### समाज कल्याण संगठन ने लगाए 37 पौधे

*गोहाना। समाज कल्याण संगठन ने रविवार को अपना साप्ताहिक पौधरोपण गोहाना-पानीपत मार्ग पर लावारिस पीड़ित गौशाला के सामने स्थित वृद्ध और अनाथ आश्रम में किया। आश्रम में विभिन्न किस्मों के 37 नए पौधे रोपे गए। पौधरोपण की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष आनंद जांगड़ा ने की। पौधरोपण वृद्ध और अनाथ आश्रम के संचालक डॉ. मनजीत जांगड़ा और रोहित बधवार ने किया। उनके साथ बुजुर्ग लक्ष्मी नारायण और रमेश चंद्र ने भी पौधे रोपे। आश्रम में पालम खीरा, अर्जुन, नीम और जामुन के पौधे रोपे गए। वृद्ध और अनाथ आश्रम में रोपे गए प्रत्येक पौधे को ट्री गार्ड से संरक्षित किया गया। पुराने लगे पौधों को पशुओं की पकड़ से सुरक्षित रखने के लिए उनकी जाली की ऊंचाई बढ़ाई गई। पुराने पौधों की नुलाई भी की गई। पौधारोपण के लिए श्रमदान बलजीत जांगड़ा, मनोज कुमार, जगदीश अस्सीवाल, प्रवीण कुमार, सुभाष रिटायर्ड वन दरोगा, पवन कुमार, राकेश कुमार, हरीश पांचाल, अभिमन्यु शर्मा, डॉ. विजेंद्र कुमार आदि ने किया।*

### पंछियों के लिए दाना-पानी के कसोरे रखे

**गोहाना।** रविवार को युवा शक्ति संगठन के अध्यक्ष प्रमोद भारती व उनकी टीम ने पंछियों के लिए दाना-पानी के कसोरे रखे। दाना-पानी के कसोरे शहर में मिलीट्री कैंटीन में रखे गए। यह शुभ कार्य लेफ्टिनेंट कर्नल (रिटायर्ड) जगबीर सिंह के हाथों से करवाया गया। युवा शक्ति संगठन द्वारा गर्मी के दिनों में हर वर्ष पंछियों के लिए दाना और पानी के कसोरे रखे जाते हैं। इस सेवा में रविवार को मिलीट्री कैंटीन के भवन की छत पर दाना-पानी से भरे मिट्टी के कसोरे रखे गए। कुछ कसोरे भवन के परिसर में पेड़ों की टहनियों पर रस्सी की सहायता से बांधे गए। इस पुनीत कार्य में सहयोगी सब मेजर राजकुमार, कुलदीप सिंह, अशोक कुमार, रोहित, बलजीत, सिकंदर, विकास कुमार और अभिषेक का विशेष योगदान रहा।



गोहाना। सफाई कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए पूर्व चेयरमैन राजवीर दहिया।

## पूर्व चेयरमैन ने कर्मियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

सोनीपत मार्कीट कमेटी के पूर्व चेयरमैन राजवीर सिंह दहिया ने रविवार को शहर में सोनीपत रोड पर नई सब्जी मंडी के निकट स्थित अपने कार्यालय में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया। उन्होंने ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को स्वच्छता योद्धा की संज्ञा दी तथा सरकार से उनकी मांगें पूरी करवाने का वायदा किया। गांवों में इस समय आबादी के हिसाब से एक से चार सफाई कर्मचारी नियुक्त हैं।

सम्मान समारोह की अध्यक्षता सोनीपत ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष कर्मबीर सिंह तथा इस यूनियन की गोहाना इकाई के अध्यक्ष जगत सिंह ने की। कार्यक्रम में सोनीपत पंचायत समिति के चेयरमैन नवीन निनानिया और वाइस चेयरमैन पूनम देवी भी मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि राजवीर सिंह दहिया से ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने मांग की कि उन्हें शहरी सफाई कर्मचारियों के बराबर वेतन और सुविधाएं मिलें। उन्होंने रोष व्यक्त किया कि उनका एक तो वेतन बहुत कम है, उस पर कई-कई महीनों के लंबे इंतजार के बाद भुगतान होता है। दहिया, जो भाजपा के दग्गिज नेता हैं, ने ग्रामीण सफाई कर्मचारियों से वायदा किया कि वह सी.एम. से आग्रह कर उनकी मांगों को पूरा करवाने का प्रयास करेंगे।

### बाबा कलीनाथ की कुटी पर लगाया भंडारा



**सोनीपत।** गांव मलिकपुर स्थित बाबा कलीनाथ की कुटी पर रविवार को वार्षिक भंडारा लगाया गया। इस दौरान विभिन्न गांवों से आए लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही बाबा कलीनाथ की पूजा अर्चना की। बाबा कलीनाथ के प्रति गांव में अटूट श्रद्धा व विश्वास है। ऐसी मान्यता है कि बाबा कलीनाथ की सेवा करने वाले कभी उनके स्थान से खाली हाथ नहीं गए। बाबा कलीनाथ की कुटी पर सबसे पहले हवन किया गया। ग्रामीणों ने मंत्रोच्चारण के साथ हवन करके आहुति डाली और विश्व कल्याण की कामना की। इसके बाद घेवर के प्रसाद का भंडारा लगाया गया।

## कुलपति ने किया मुख्यमंत्री का स्वागत

### खेल मंत्री ने किया नई खेल यूनिवर्सिटी का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई



राई। खेल मंत्री संजय सिंह को कुलपति अशोक कुमार जानकारी देते हुए।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने राई हलके के गाँव भैरा बाकिंपुर में कार्यक्रम में शिरकत करने से पहले प्रदेश के पहली खेल यूनिवर्सिटी पहुंचे, जहां कुलपति अशोक कुमार आईपीएस ने फूलों का गुलदस्ता देकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। कुलपति अशोक कुमार (आईपीएस ) ने मुख्यमंत्री जी को 16 अगस्त को खेल विश्वविद्यालय आने का निमंत्रण दिया तो मुख्यमंत्री ने सैद्धांतिक तौर पर स्वीकृति भी दी। इसी दौरान खेल मंत्री संजय सिंह भी खेल विश्वविद्यालय पहुंचे जहा उन्होंने खेल विश्वविद्यालय के कुलपति व खेल स्कूल राई के अधिकारियों के साथ सभी खेल के मैदानों का बारीकी से निरीक्षण किया और खेल सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने खिलाड़ियों को हर प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवाने का भरोसा देते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। खेल मंत्री ने पूरे खेल परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया और वहां मौजूद सुविधाओं और खिलाड़ियों के विषय में पूर्ण जानकारी ली। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार खिलाड़ियों को बेहतरीन सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। खेल-खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही।

## भाजपा को पूरी तरह से नकार चुकी जनता : चौटाला

- डा. अजय सिंह चौटाला ने कहा, संघर्ष करके बदलाव लाना जानती है जेजेपी कार्यकर्ताओं की मेहनती फौज
- जजपा कार्यकर्ताओं की बैठक लेने पहुंचें जजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए अजय सिंह चौटाला।

जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने कहा है कि आज देश की जनता भाजपा से दुखी होकर बीजेपी को पूरी तरह से नकार रही है और यह बात देश में हुए उपचुनावों के परिणाम से साबित होती है। उन्होंने कहा कि कभी 75 पार, तो कभी 400 पार का नारा देने वाली भाजपा को जनता आईना दिखा चुकी है। अजय चौटाला रविवार को सोनीपत में पत्रकारों से रूबरू थे। उन्होंने यह भी कहा कि जनता पूर्व कांग्रेस सरकार में हुए भ्रष्टाचार और भेदभाव को भी नहीं भूली है और न ही कभी भूल सकती। इससे पहले जेजेपी कार्यकर्ता सम्मेलन में जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता जनता के बीच जेजेपी की जनहितैषी नीतियों व कार्यों को लेकर जाएंगे और मौजूदा भाजपा सरकार की कमियों को उजागर करेंगे। उन्होंने कहा कि विरोधियों द्वारा फैलाए गए दुष्प्रचार का भी जेजेपी जवाब देगी। अजय चौटाला ने कहा कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जेजेपी 20 जुलाई तक सभी जिलों में अपने कार्यकर्ताओं को एक्टिव करके फील्ड में उतार देगी। इसके बाद जेजेपी संगठन नवनिर्माण पर फोकस करेगी और अगस्त माह से प्रत्येक गांव, शहर में पार्टी कार्यकर्ता चुनाव की तैयारी में जुट जाएंगे। डॉ अजय सिंह चौटाला ने कहा कि जेजेपी ने मजबूत कार्यकर्ताओं की बदौलत बेहद कम समय में कई मुकाम हासिल किए है।

### ये रहे मौजूद

कार्यकता सम्मेलन में जिला अध्यक्ष राज सिंह दहिया, रणबीर दहिया, बलजीत मलिक, सुमित राणा, युवा प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र सांगवान, रजनी मलिक, अजीत अंतिल, संदीप गहलावत, सुरेंद्र मलिक, रोहतास दहिया, अनिल त्यागी, संदीप भनवाला, अशोक सरोहा, जिला प्रेस प्रवक्ता जोनी लठवाल, जुगतीराम बैरागी, रोहतास दहिया, संदीप ठरू, रवि दहिया, भानेराम, सियानंद त्यागी, सुरेंद्र पहलवान, रमेश गुप्ता, भीम मेहरा, सुरेंद्र खासा, अमित चोपड़ा, समुंद्र कश्यप, मोहन कश्यप, पवन शर्मा, राजपाल सेवली आदि मौजूद रहें।

## सांसद की मौजूदगी में मनाया वरिष्ठ नागरिकों का जन्मदिन




सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वरिष्ठ नागरिक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति की आम सभा का आयोजन कम्युनिटी सेंटर हाल सेक्टर 15 में प्रधान प्रेम रेलन की अध्यक्षता में किया गया। सर्वप्रथम गायत्री मन्त्र का उच्चारण किया गया तत्पश्चात 50 वरिष्ठ नागरिकों का जन्मदिन मनाया गया और उन्हें उपहार दिए गये। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि सांसद सतपाल ब्रह्मचारी व विधायक सुरेंद्र पंवार उपस्थित रहे। सतपाल ब्रह्मचारी को उनकी जीत पर सम्मानित किया गया तथा विधायक सुरेंदर पंवार का आभार प्रकट किया गया। इस मौके पर ओम प्रकाश मुंजाल ने सतपाल ब्रह्मचारी व सुरेंद्र पंवार के सम्मान में एक कविता सुनाई। हरबंस लाल अरोड़ा की कविता ने भी लोगों को मन्त्रमुग्ध कर दिया। प्रेम रेलन ने सदस्यों को सूचित किया कि 1 अक्टूबर को अन्तर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम में सीताराम भारद्वाज, रमेश अरोड़ा, किशन मिढ़ा, अशोक छाबड़ा, प्रदीप गौतम, टेक चंद त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

## जिला पेंचक सिलात प्रतियोगिता में प्रताप स्कूल रहा प्रथम स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



खरखौदा। प्रतियोगिता के पदक विजेता आयोजकों के साथ

पांचवी सोनीपत जिला पेंचक सिलात प्रतियोगिता प्रताप स्कूल खरखौदा में आयोजित हुई। जिसका शुभारंभ द्रोणाचार्य अवॉर्डी ओमप्रकाश दहिया व एकेडमिक डायरेक्टर डॉक्टर सुबोध दहिया ने बाउट आरंभ करवाकर किया। इस प्रतियोगिता में सोनीपत जिले के विभिन्न स्कूलों एवं खेल अकादमी से 135 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्री टीन वर्ग में 28 किलो में दिव्यांग प्रताप स्कूल, 33 किलो में यश सिसाना, 36 किलो में प्रतिक प्रताप स्कूल 45 किलोग्राम में कार्तिक प्रताप स्कूल, सब जूनियर वर्ग में 33 किलोग्राम में अंशिका जे पी जैन स्कूल, 43 किलो ग्राम में तान्या प्रताप स्कूल, 51 किलो ग्राम में नैना, जूनियर वर्ग में 43 किलो ग्राम में समीर जेपी जैन स्कूल, 55 किलो ग्राम में तक्ष प्रताप स्कूल, 59 किलो ग्राम में वंश प्रताप स्कूल, 67 किलो ग्राम में लक्ष्य प्रताप स्कूल, 63 किलो ग्राम में हर्षित प्रताप स्कूल, 71 किलोग्राम में दिवस प्रताप स्कूल से प्रथम स्थान पर रहे। इस प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों का चयन हरियाणा राज्य पेंचक सिलात चैंपियनशिप के लिए हुआ है। सभी विजेता खिलाड़ियों को द्रोणाचार्य अवॉर्डी ओम प्रकाश दहिया, डॉक्टर सुबोध दहिया ने मेडल पहना कर उनका उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर जिला सोनीपत पेंचक सिलात संघ के महासचिव जगमेंद्र पांचाल, उपाध्यक्ष सोनू, सह सचिव भगत सिंह, खुशबू जेपी जैन स्कूल, सुधीर, विकास, आजाद सिंह, अमित कुमार आदि महानुभाव भी उपस्थित थे।

## 182 ने करवाई आंखों की जांच 34 का होगा ऑप्रेशन



सोनीपत। शिविर में मरीजों की जांच करते हुए चिकित्सक साथ में अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शिव कावड़ सेवा समिति व दृष्टि सेवा समिति के सहयोग से मां भारती रक्तवाहिनी ने गांव राठधना के दादा भैया धाम पर निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन करवाया गया। शिविर में डॉ. श्रॉफ चेरिटेबल ऑई हॉस्पिटल दरिया गंज दिल्ली से टीम पहुंची जिन्होंने 182 बुजुर्गों की जांच की। इसमें से 34 मरीजों को मोतियाबिंद की शिकायत मिली। 68 बुजुर्गों को चश्मे का नंबर दिया गया। दृष्टि सेवा समिति सचिव नरेंद्र भूटानी व श्राफ हॉस्पिटल के सहयोग से मां भारती रक्तवाहिनी का यह छठा नेत्र जांच शिविर था। शिविर में सुमेर सरोहा, राहुल राणा, मुकेश सरोहा, बिजेंद्र सरोहा, ममता, पवन दहिया, अंकित त्यागी, नीरज आदि मौजूद रहे।

## प्रबंधन समितिचुनाव में सहमति बनाने के लिए दहिया खाप की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

11 अगस्त को होने वाले कन्या महाविद्यालय खरखौदा प्रबंधन समिति के चुनावों में सर्वसम्मति बनाने के लिए दहिया खाप की तरफ से प्रयास जारी है। 15 जुलाई को नामांकन फार्म वापस लेने का दिन है। दहिया खाप प्रधान जयपाल दहिया व हिंद केसरी संजय पहलवान ने प्रेस कांफ्रेंस करके 15 जुलाई को कन्या महाविद्यालय में एकत्रित होने का ऐलान किया है। उन्होंने सभी नामांकन कर्ताओं व वोटरों से अपील की है कि वे इस मीटिंग में भाग लें। कॉलेज के हितों के लिए यहां पर विचार विमर्श किए जाएंगे। ताकि कन्या महाविद्यालय में पार्टीबाजी न बने और शांतिपूर्वक सर्वसम्मति से चुनाव संपन्न हो सके। इस मौके पर संदीप सिसाना, भठगांव से पूर्व जिला पार्षद बीनू भी उपस्थित रहे।



**खरखौदा।** प्रेस वार्ता को संबोधित करते दहिया खाप प्रमुख व अन्य।

### नियमों के विरूद्ध नामाकंन रद्द करने का आरोप

कन्या महाविद्यालय प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष पद के लिए बालकिशन पाराशर ने नामांकन किया था, जिनका फार्म एक व्यक्ति ने दो फार्मों पर विटनेस किया मिलने पर बालकिशन का फार्म रद्द कर दिया था। उन्होंने इस बारे में अपील करते हुए कहा है कि रिटर्निंग अधिकारी द्वारा दिए गए नर्दिशों में ऐसा कुछ नहीं था। उनके नियमों में विरोधाभास है। उनका फार्म स्वीकार नहीं किया गया तो वे माननीय कोर्ट में जाकर चुनाव पर स्टे लेने की दिशा में कदम उठाएंगे।

## सीपीआर प्रशिक्षण शिविर में आमजन को जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

उजाला सग्नेिस जे के हिंदू हस्पताल में ह्रदयगति रुक जाने को वापस गति में लाने के लिए सीपीआर प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। शिविर में लगभग 50 व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण शिविर में मुख्य भूमिका संजय शर्मा ने निभाई। मानव डंपी रूपी शरीर से अभ्यास करके दिखाया और बताया कि जब हम किसी को सीपीआर देते हैं तो व्यक्ति के लेटने की जगह समतल होनी चाहिए। उजाला सिग्नेस अस्पताल के यूनिट हेड सुरेश कालरा व्यवस्था संभाली। सुदेश भंडारी संस्था रेड क्रॉस के सहयोग से संपूर्ण हरियाणा में सीपीआर का कार्यक्रम 11 से 15 जुलाई तक कर रही है। दिलबाग सिंह प्राध्यापक व राज्यपाल अवॉर्डी गीता हिंदी अध्यापिका ने आए हुए व्यक्तियों को अपने बच्चों को अच्छी शक्षिा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया कहा कि शिक्षा से ही अपने सपने पूरे किए जा सकते हैं। इस अवसर पर पूर्ण सिंह प्राध्यापक, संजय कुमार प्राध्यापक, नरेंद्र हुड्डा पर्यावरण मित्र, कविता रानी, ऋषिपाल भदाना, विनोद दहिया आदि उपस्थित रहे।



## गुरु गोरखनाथ ने धर्म की प्रभुता बढ़ाने में दिया महत्वपूर्ण योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि गुरु गोरखनाथ ने नाथ समुदाय की स्थापना करके धर्म की प्रभुता बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया और आज पूरे देश में नाथ समुदाय के डेरो के माध्यम से मानव कल्याण किया जा रहा है। राजीव जैन रविवार को कालूपुर में नवनिर्मित शिव मंदिर के प्रांगण में गुरु गोरखनाथ की प्रतिमा का लोकार्पण करने के बाद भक्तों को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व राजीव जैन का पगड़ी व माला भेंट कर स्वागत किया गया तथा मंदिर में नर्माण एवं मूर्ति की स्थापना के सहयोग के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि गुरु गोरखनाथ अजर अमर है और नर भगवान शिव के अवतार थे। उन्होंने अनेक ग्रंथों की रचना की है जिससे पूरे समाज को नई दिशा मिली। नाथ समुदाय के साधु कठोर तपस्या करके सभी को संयम, तप, त्याग के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम में भोलू गुलिया, रोहित गुलिया, सोमबीर गुलिया, कृष्णा गुलिया, मोहन गुलिया, धर्मपाल गुलिया, नरेश गुलिया, बंसीलाल गुलिया आदि लोगों उपस्थित रहे।



**सोनीपत।** कार्यक्रम में पहुंचें भाजपा नेता राजीव जैन का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### कस्सी से हमला कर ताई व भतीजे को किया घायल

**गन्नौर।** चटिया गांव में पड़ोसी ने घर मे घुसकर एक युवक व उसकी ताई के ऊपर कससी से हमला कर घायल कर दिया। घायल ने मामले की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है। शिकायत में गांव चटिया निवासी अनुज ने बताया कि वह 11 जुलाई को अपने ताऊ के घर पर था। इस दौरान उसका पड़ोसी रवि आया और उसके साथ गाली-गलौच करने लगा। उसने विरोध किया तो रवि कससी के उसके ऊपर हमला कर दिया। बीच बचाव करने उसकी ताई आयी तो आरोपी ने उसकी ताई पर भी हमला कर दिया। हमले में वह ओर उसकी ताई दोनो घायल हो गए। आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। गन्नौर थानां पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कम्युनिकेशन की दुकान का शटर तोड़ की चोरी

**गन्नौर।** गन्नौर चोक स्थित कम्युनिकेशन की दुकान की छत तोड़ चोर हजारों रुपये का समान चोरी कर ले गए। दुकानदार ने चोरी की शिकायत बड़ी थानां पुलिस को दी है। शिकायत में गढ़ी केसरी निवासी धर्मेंद्र ने बताया कि गन्नौर चोक उसकी त्यागी कम्युनिकेशन के नाम से दुकान है। वह 12 जुलाई की रात को अपनी दुकान बंद कर घर चला गया। जब अगली सुबह दुकान पर आया तो देखा दुकान की छत टूटी हुई है और दुकान के अंदर समान बिखरा पड़ा था। उसने समान चेक किया तो दुकान से 10 हजार रुपये की नकदी, दो रेड बुल की पेटी, मोबाइल की एसेसरी व सिगरेट की डब्बी गायब थी।

### बेगा में लगे रक्तदान शिविर में 99 यूनिट रक्त किया

**गन्नौर।** रविवार को बेगा रोड पर बेगा में दो संस्थाओं के सहयोग द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि शक्षिक पुरस्कार से सम्मानित शक्षिक गीता पहुँची। कार्यक्रम के आयोजक सोमवीर शास्त्री ने बताया कि उन्होंने 48 वी बार रक्तदान किया। जनहित अभियान फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया कि रक्तदान शिविर में 99 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर समाज सेवी स्टेट अवॉर्डी हिंदी प्रवक्ता दिलबाग सिंह, पूर्ण सिंह, महेंद्र छक्किारा, गोविंद शर्मा, जसवीर अहलावत, सतीश बैगा, बेंटू शर्मा राजीव वकील आदि मौजूद रहे।

# स्नातक में दाखिला, फीस जमा करवाने का आज अंतिम दिन

## 50 प्रतिशत से अधिक सीटें हैं खाली, फिजिकल काउंसलिंग से है उम्मीद

### उच्चतर शिक्षा निदेशालय के अनुसार जारी नहीं की जाएगी तीसरी वरियता सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



महाविद्यालयों में स्नातक कक्षाओं के लिये दाखिला प्रक्रिया चल रही है। जिसके तहत फीस जमा करवाकर दाखिला सुनश्चिति करने का आखिरी दिन सोमवार का है। विद्यर्थियों के पास आखिरी मौका है फीस जमा करवाकर दाखिला करवाने का है। कमाल की बात ये है कि जिले के अधिकतर महाविद्ययलयों में अभी तक 50 प्रतिशत ही दाखिले हो पाए हैं, बाकि की 50 फीसदी सीटें अभी तक खाली हैं। वहीं शिक्षा निदेशालय की ओर से तीसरी वरियता सूची जारी नहीं की जाएगी। ऐसे में महाविद्यालयों में सीटें भरने का अंतिम मौका केवल फिजिकल काउंसिलिंग से ही संभव है। लेकिन 50 प्रतिशत सीटें फिजिकल काउंसिलिंग के जरिये भरना काफी मुश्किल नजर आता है। फिजिकल काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू होने के बाद नए विद्यार्थियों को भी मौका दिया जाएगा, जन्हिें दाखिले के लिए पोर्टल पर आवेदन करना होगा।

बता दें कि जिले के विभन्नि महाविद्यालयों में करीब 13 हजार सीटों पर दाखिले के लिए 30 जून तक आवेदन प्रक्रिया चली थी। जिसके बाद पहली वरीयता सूची 05 जुलाई को जारी की गई थी। जिसकी दाखिला प्रक्रिया संपन्न होने के बाद 12 जुलाई को दूसरी वरीयता सूची जारी की गई, जिसमें शामिल विद्यार्थियों को अपना दाखिला सुनश्चिति करवाने के लिए 15 जुलाई तक फीस जमा करवाने का समय दिया गया था। महाविद्यालयों प्रबंधन का कहना है कि दूसरी वरीयता सूची में बेहद कम विद्यार्थियों को शामिल किया गया था। दूसरी वरीयता सूची की दाखिला प्रक्रिया संपन्न होने के बाद भी करीब 50 फीसदी तक सीटें रक्ति रहेंगी। जिसके बाद महाविद्यालयों में 17 जुलाई से फिजिकल काउंसिलिंग के माध्यम से दाखिले किए जाएंगे।

#### ऐसा रहेगा आगामी शेड्यूल

- पहले व दूसरे चरण में दाखिल से वंचित वद्यिार्थियों की फिजिकल काउंसिलिंग : 17 जुलाई
- नए पंजीकरण के लिए पोर्टल दोबारा खोला जाएगा : 17 से 30 जुलाई
- 100 रुपये विलंब शुल्क सहित फिजिकल काउंसिलिंग : 18 से 24 जुलाई
- 100 रुपये प्रतिदिन विलंब शुल्क सहित फिजिकल काउंसिलिंग : 25 से 30 जुलाई

#### हेल्प डेस्क स्थापित किए

महावद्यिालय में चल रही दाखिला प्रक्रिया में वद्यिार्थियों के सामने किसी प्रकार की परेशानी ना आए, इसके लिए हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं। वहीं कॉलेज प्रशासन की टीम ऐसे वद्यिार्थियों से लगातार संपर्क में हैं, जिनका आवेदन करने के बावजूद पहली दो वरीयता सूची में नाम नहीं आया। ऐसे वद्यिार्थियों को ओपन काउंसिलिंग में शामिल किया जाएगा।

-डा. नरेंद्र खत्री, प्राचार्य, सीआरए कॉलेज, सोनीपत

#### 50 प्रतिशत सीटें हैं खाली, चिंतित है प्रबंधन

जिले के अधिकतर महाविद्यालयों में अब तक करीब 50 फीसदी से अधिक सीटें रक्ति हैं। जिससे महाविद्यालयों के प्रबंधन भी चिंतित है और फिजिकल काउंसिलिंग से ही रक्ति सीटें भरने की उम्मीद है। रक्ति सीटें भरने के लिए अब नए विद्यार्थियों को भी मौका दिया जाएगा। जिसके लिए उच्चतर शिक्षा निदेशालय 17 जुलाई से दाखिले के लिए फिर से पोर्टल खोलेगा। जिसके तहत अब तक आवेदन करने से वंचित रहे विद्यार्थी भी आवेदन कर दाखिला प्रक्रिया में शामिल हो सकेंगे। 17 जुलाई से 100 रुपये विलंब शुल्क के साथ फिजिकल काउंसिलंग के तहत वद्यिार्थी माविद्यालयों में दाखिला ले सकेंगे। वहीं 24 जुलाई के बाद दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों को प्रतिदिन के हिसाब से 100 रुपये अतिरिक्त शुल्क वहन करना होगा।



गन्नौर। मन्दिर में नंदी की मूर्ति स्थापना से पूर्व कलश यात्रा निकालती महिलाएं एवं मन्दिर के बाबा ।

## मन्दिर में नंदी की प्राण प्रतष्ठिा से पूर्व निकाली विशाल कलश यात्रा

- प्राण प्रतष्ठिा अर्पित करने के लिए विधि विधान जरूरी : मोनी बाबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गांव राजलू गढ़ी के शिव मंदिर में भोले शंकर के नंदी की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर रविवार को गांव की महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में गांव के मन्दिर के पुजारी बाबा मोनीनाथ, जसवंत नाथ के अलावा पंडित धर्मेन्द्र शास्त्री, दीलीप शास्त्री ने मंत्रोच्चारण के साथ यात्रा का शुभारंभ किया।

कलश यात्रा में गांव की 101 महिलाओं ने यात्रा में शिरकत की। उन्होंने सिर पर कलश लेकर पूरे गांव की परक्रिमा की। कलशयात्रा से पूर्व सुबह में पंडित धर्मेन्द्र शास्त्री और उनके साथियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ अनुष्ठान किया गया। प्रतिमा को गंगाजल, अन्न आदि से सराबोर करने के बाद उनकी विधि विधान से पूजा की गई। मंदिर के बाबा मोनीनाथ ने कहा कि मूर्ति में प्राण प्रतष्ठिा अर्पित करने के लिए विधि विधान जरूरी है।

बगैर प्राण प्रतष्ठिा के भगवान की प्रतिमा की पूजा संभव नहीं होती है। कलश यात्रा के गंगा जल से बृहस्पतिवार को मूर्ति को स्नान कराया जाएगा। यजमान द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण से उसकी पूजा की गई।

विभन्नि मंत्रों से पूजा करने पर उनमें शक्ति का संचार होगा। फिर लोगों द्वारा मूर्ति की पूजा सामान्य रूप से की जाएगी। बाबा मोनीनाथ ने बताया कि सोमवार को मन्दिर में नंदी की प्राण प्रतष्ठिा के बाद स्थापना हो जाएगी। सुबह 9 बजे मन्दिर में हवन होगा, जिसमें गांव के काफी संख्या में महिलाएं एवं पुरूष हवन में आहुति डालेगी। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। धार्मिक कार्यक्रम में पूरे गांव का सहयोग मिल रहा है और पूरा उत्साह है।

## खेल में जीत हो या हार कुछ न कुछ नया सिखा कर जाती है : कादियान

- नेशनल स्टाइल कबड्डी टूर्नामेंट विजेता बनी मेजबान गुरु नानक कॉलेज टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गन्नौर। प्रतियोगिता में पहुंचने पर देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान का स्वागत करते हुए।

जी टी रोड स्थित निजी हायर एजुकेशन कॉलेज के खेल ग्राउंड में नेशनल स्टाइल कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास व दूर दराज से बॉयज वेट 39 केजी में 28 टीमों ने हस्सिा लेकर अपना खेल प्रदर्शन दिखाया। इस टूर्नामेंट में बतौर मुख्यातिथि के तौर पर देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने खिलाड़ियों से परिचय कर खेल का शुभारंभ कराया। खिलाड़ियों ने अपनी टीम को जीतने को लेकर जमकर पसीना बहाया। मेजबान गुरु नानक कॉलेज ने पहला, भैनी भैरो ने दूसरा, कृष्णा फरीदाबाद ने तीसरा व बरोणा ने चौथा स्थान हासिल किया। मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान ने विजेता टीम व खिलाड़ियों को इनाम देकर सम्मानित किया और बेहतर प्रदर्शन की सराहना की। कादियान ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। जीत हो या हार कुछ ना कुछ नया सिखा कर जाती है। खेल-खेल के साथ हमें पढ़ाई पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। खेल समापन पर कॉलेज प्रिंसिपल डा. अर्चना आर्य ने मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान को स्मृति चन्हि भेंट कर सम्मान दिया है।

## नेत्र जांच व आप्रेशन शिविर में 365 लोगों ने जांच करवाई

- जरूरतमंदों की सेवा के लिए परिवार की समाजसेवा की सराहनीय काम किया : सोनिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर





गन्नौर। शिविर का शुभारम्भ करते महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल व शिविर में जांच करते चिकत्सिक।

108 गुप्ति सागर महाराज की प्रेरणा से लाला श्रीपाल जैन की नौवी पुण्यतिथि के अवसर पर भारत विकास परिषद गन्नौर शाखा व अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन इकाई के सहयोग से निशुल्क नेत्र जांच एवं आप्रेशन शिविर नई अनाज मंडी में लगाया गया। शिविर का शुभारम्भ महिला आयोग की वाईस चेयरमैन सोनिया अग्रवाल ने परिषद व संगठन के सदस्यों के सहयोग से शुभारम्भ किया। भाविप शाखा के अध्यक्ष राजेन्द्र कौशिक व संयोजक योगेश कौशिक, संगठन के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, संदीप सिंघल आदि ने वाईस चेयरमैन का स्वागत किया। महिला आयोग की वाईस चेयरमैन सोनिया अग्रवाल ने कहा कि स्वर्गीय लाला श्रीपाल जैन ने अपना जीवन जन सेवा व जनहित के कार्यों में लगाया। इसी कड़ी में आज उनकी याद में जरूरतमंदों के लिए शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में 365 लोगों ने जांच करवाई, उसमें से 98 लोग शिविर में बीपी व शुगर के रोगी पाए, 147 जरूरतमंदों को चश्में दिए गए। मोतियांबिंद से ग्रस्त 34 लोग पाए गए। शिविर में आप्रेशन योग्य पाए गए लोगों का आप्रेशन 18 व 19 जुलाई को मौजीराम लायंन्स आई अस्पताल दल्लिी में करवाया जाएगा। शिविर में डा. दिलीप कनोडिया, श्याम सुन्दर, विनिता की टीम ने जांच की।

**ये रहे मौजूद:** इस मौके पर कृष्ण जिंदल, तुरूण प्रताप त्यागी, संदीप सिंघल, नेहा त्यागी, निशा कौशिक, भाजवना जग्या, नरेन्द्र पंतजलि, मनुजा जैन, अंकित त्यागी, मनीषा जैन के अलावा अग्रवाल संगठन के सचिव राजकुमार अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## थाना कलां में आयोजित शिविर में चिकत्सिकों ने 80 का स्वास्थ्य जांचा

**खरखौदा।** गांव थाना कलां की बगडी वाली चौपाल में रविवार को स्वास्थ जांच शिविर लगाया गया। किताब सिंह हॉस्पिटल, खरखौदा के अध्यक्ष अंकित दहिया के मार्गदर्शन में डॉ राकेश वर्मा, विशेष डॉक्टर द्वारा करीब 80 व्यक्तियों के पूरे शरीर की जांच की गई। बीपी, शुगर, ब्लड टेस्ट, एच बी जैसे सभी प्रकार के टेस्ट भी किए गए। स्वास्थ्य जांच शिविर में नवीन दहिया, रामनिवास, चरण सिंह, अमित तिरंगा, युवा समिति से जुड़े नवीन, गरीब कल्याण संस्था पिपली से डॉ. हवा सिंह, सतीश दहिया, गौरव, सचिन सरोहा, मोहित दहिया, रोहित राठौर, अमित आदि ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया। आयोजकों के अनुसार अगला कैंप प्राचीन शिव मंदिर गांव थाना कलां में एक अगस्त को लगाया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## महिलाओं की बैठक में पहुंचने पर किया स्वागत

- आपके द्वारा दिए गए मान सम्मान को हमेशा याद रखते हुए समाजसेवा को आगे बढ़ाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गन्नौर। महिलाओं की बैठक में रानी कादियान का फूलमालाओं से महिलाएं स्वागत करती हुई।

मन्नत ग्रुप आफ होटल्स के चेयरमैन एवं समाजसेवी देवेन्द्र कादियान की पत्नी रानी कादियान ने रविवार को पूर्व पार्षद अंकित मल्होत्रा के कार्यालय में महिलाओं की विशेष बैठक को संबोधित किया। बैठक में पहुंचने पर रानी कादियान का डम्पिी मल्होत्रा, शालू वधवा, भावना जग्या, मीनू हांडा, चारू चांदना, सुनीता कपूर आदि महिलाओं ने फूलमालाओं से स्वागत किया। रानी कादियान ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि उनके द्वारा दिए गए मान सम्मान को हमेशा याद रखेगी और मौका मिलने पर उनकी सेवा में कोई कसर नही छोड़ेगी। कादियान ने कहा कि समाजसेवा ही उनके परिवार का लक्ष्य है। रानी कादियान ने महिलाओं से आह्वान किया कि वे उनके हाथ मजबूत की लोगों को देवा संस्था से जोड़ने का कार्य करे ताकि वे उनके द्वारा बताए काम को पूरा करने की क्षमता मिले। उन्होंने कहा कि जब कभी भी उनके सहयोग की जरूरत हो तो याद करना, जो भी उनसे सहयोग होगा, पूरा करवाएगी।

## पेड़ों के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं : देवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



गोहाना। अपने बच्चों संयम और सक्षम के साथ पौधारोपण करते हुए देवेंद्र शर्मा।

बिना पेड़ों के पृथ्वी पर जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। अगर पेड़ हैं तो पृथ्वी पर जीवन है और यदि पेड़ नहीं होंगे जीवन भी नहीं होगा। यह बात भारतीय कुश्ती संघ के ज्वाइंट सचिव एवं दल्लिी में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रय हवाई अड्डे पर दुर्गा वैबटेल कंपनी के निदेशक देवेंद्र शर्मा ने कही। वे अपने बेटे संयम और सक्षम के साथ त्रिवेणी रोपण कर रहे थे।

ज्वाइंट सचिव देवेंद्र शर्मा ने अपने बेटों के साथ बरगद, पीपल और नीम की त्रिवेणी लगाई। त्रिवेणी रोपण दल्लिी में द्वारका सेक्टर 23 में किया गया। संयम और सक्षम ने पौधों की नियमित देखभाल करने की जम्मिेवारी ली।

देवेंद्र शर्मा ने त्रिवेणी रोपण का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि बरगद, पीपल और नीम ये तीनों पौधे ऑक्सीजन के बहुत बड़े स्रोत हैं।

ये तीनों पौधे दूसरे पौधों की अपेक्षा अधिक ऑक्सीजन देते हैं। वे बोले कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण अति आवश्यक है। पृथ्वी पर नर्बिाध और सकुशल जीवन यापन के लिए पर्यावरण को संरक्षित करना अर्थात प्रकृति के साथ जीवन जीना बहुत जरूरी है। उन्होंने लोगों से अधिकाधिक पौधे रोपने की अपील की।

### कांग्रेस के हरियाणा मांगें हिसाब अभियान के क्रियान्वयन के लिए हुई प्रदेश स्तरीय बैठक

# बीजेपी को 'एक धक्का और दो' का नारा बुलंद करेगी कांग्रेस

- पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया, प्रदेशाध्यक्ष उदयभान, सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने लिया हस्सिा
- सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने प्रस्ताव किया 'हरियाणा मांगे हिसाब और कांग्रेस से ही है आस' जिसे सभी ने हाथ उठाकर पारित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान मंचासीन प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा व हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान, दीपेंद्र हुड्डा एवं अन्य।

हरियाणा मांगे हिसाब अभियान के क्रियान्वयन के लिए कांग्रेस ने आज सोनीपत में प्रदेश स्तरीय बैठक की। इसमें पार्टी के प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया, पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा और हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं को अभियान में पुरजोर योगदान देने के निर्देश दिए। दीपक बाबरिया ने कहा कि अभियान को घर-घर और जन-जन तक पहुंचाना प्रत्येक कांग्रेसजन की जिम्मोदारी है। दीपक बाबरिया, भूपेंद्र सिंह हुड्डा और चौधरी उदयभान ने इस बैठक के बाद कांग्रेस पार्टी की ओर से सुझाव वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दीपक बाबरिया ने कहा कि चुनाव में 36 बिरादरी ने एकजुट होकर कांग्रेस का साथ दिया। विधानसभा चुनाव में भी तमाम वर्गों को साथ लेकर चलना और सभी वर्गों को प्रतिनिधत्वि देना कांग्रेस की प्राथमिकता रहेगी। संविधान को बदलने और खत्म करने की बात करने वाली बीजेपी के खिलाफ कांग्रेस विधानसभा चुनाव में 'बीजेपी को एक धक्का और दो' का नारा बुलंद करेगी। बाबरिया ने सभी नेता व कार्यकर्ताओं को पूरी तरह पार्टी लाइन और अनुशासन में रहकर काम करने की नसीहत भी दी। अपने संबोधन में भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि 'हरियाणा मांगे हिसाब' के तहत सभी नेता व कार्यकर्ता बीजेपी की करगुजारियां जनता के समक्ष उजागर करेंगे। साथ ही कांग्रेस की घोषणाओं के बारे में लोगों को बताएंगे और पार्टी के मेनिफेस्टो को लेकर जनता से सुझाव मांगेंगे। कांग्रेसजन जनता के बीच जाकर बताएंगे कि 2014 तक जो हरियाणा प्रति व्यक्ति आय, प्रति व्यक्ति निवेश, रोजगार देने, खेल-खिलाड़ियों और कल्याणकारी योजनाओं में देश का नंबर वन राज्य था, उसे बीजेपी ने बेरोजगारी, अपराध, नशे और बदहाली में नंबर वन बना दिया है। इस सरकार ने पक्की नौकरियों को खत्म करके कौशल निगम की ऐसी शोषणकारी नीति लागू कर दी, जिसमें ना युवाओं के लिए कोई पक्की नौकरी है, ना कोई पद है, ना पदोन्नति है, ना मेरिट, न पारदर्शिता और न ही आरक्षण है। ऐसी नीतियों के जरिए बीजेपी द्वारा एससी और ओबीसी का आरक्षण खत्म किया जा रहा है। चौधरी उदयभान ने अपने संबोधन में पूरे अभियान के बारे में बताते हुए कांग्रेस द्वारा बीजेपी के खिलाफ जारी की गई 15 सवालों की चार्टशीट पेश की।

#### हरियाणा मांगे हिसाब अभियान की शुरुआत की

सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सुझाव पर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस ने हरियाणा मांगे हिसाब अभियान की शुरुआत की है। उन्होंने प्रस्ताव रखा कि हरियाणा मांगे हिसाब और कांग्रेस से ही है आस जिसे सभी ने हाथ उठाकर ध्वनिमत से पारित किया। इसके तीन पहलू बताते हुए सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि भाजपा सरकार के खिलाफ 15 सवालों को हर घर तक लेकर जायेंगे। कांग्रेस पार्टी के संकल्पों को घर-घर तक पहुंचाकर लोगों को अवगत करायेंगे। कांग्रेस पार्टी द्वारा तैयार किये जा रहे जनता के घोषणा पत्र के लिये लोगों से प्राप्त सुझावों को सुझाव पेटी में एकत्रित करेंगे।